जगत प्रकाश नड्डा
JAGAT PRAKASH NADDA

सत्यमेव जयते

मंत्री
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
व रसायन एवं उर्वरक
भारत सरकार
Minister
Health & Family Welfare
and Chemicals & Fertilizers
Government of India

# संदेश

स्वच्छता पखवाड़ा केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों, विभागों और संगठनों में प्रतिवर्ष मनाया जाता है, जो स्वच्छता, साफ़-सफाई और स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत के प्रति सरकार की सतत प्रतिबद्धता का एक हिस्सा है।

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि औषध विभाग और इसके संगठन 1 से 15 सितंबर 2026 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाएंगे। यह पखवाड़ा स्वच्छता के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करने और इस प्रतिबद्धता को सार्थक और सतत कार्रवाई में परिवर्तित करने का अवसर प्रदान करता है।

माननीय प्रधानमंत्री जी के दृष्टिकोण और नेतृत्व ने स्वच्छता को एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन में बदल दिया है। स्वच्छता को "प्रत्येक का दायित्व" बनाने के उनके आह्वान ने देश भर के नागरिकों और संस्थानों को स्वच्छता और सफाई का उत्तरदायित्व उठाने के लिए प्रेरित किया है।

मैं औषध विभाग और इसके संगठनों के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से पखवाड़े के दौरान आयोजित गतिविधियों में पूरे उत्साह से भाग लेने का आग्रह करता हूँ। कार्यालय परिसर और कार्यस्थलों की सफाई के अलावा, स्वच्छता की भावना हमारे आसपास और सभी सार्वजनिक स्थानों तक भी पहुँचनी चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति का प्रयास, जब दूसरों के प्रयासों के साथ मिलकर किया जाए, तो स्वच्छ, स्वस्थ और बेहतर वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण बदलाव ला सकता है।

मैं स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के सफल आयोजन के लिए औषध विभाग के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और संगठनों को शुभकामनाएं देता हूँ।

आइए, स्वच्छता को एक स्वभाव, एक दायित्व और जीवन की एक शैली बनाने के लिए मिलकर प्रयास करें।

(जगत प्रकाश नड्डा)

दिनांक: 26 अगस्त, 2026
नई दिल्ली

कार्यालय: 23000–जी, तृतीय तल, कर्तव्य भवन–2, नई दिल्ली-110 001 • Office: 23000-G, 3rd Floor, Kartavya Bhawan-2, New Delhi-110001
कार्यालय: 12107, सी विंग, द्वितीय तल, कर्तव्य भवन–1, नई दिल्ली-110 001 • Office: 12107, C-Wing 2nd Floor, Kartavya Bhawan-1, New Delhi-110001
दूरभाष / Tele.: (O) +91-11-24014850, 24014781, 24013301, 24013302 • ई–मेल / E-mail : min-cnf@gov.in

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
NATIONAL HEALTH MISSION

अनुप्रिया पटेल
ANUPRIYA PATEL

सत्यमेव जयते

राज्य मंत्री
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
व रसायन एवं उर्वरक
भारत सरकार

MINISTER OF STATE
HEALTH & FAMILY WELFARE
AND CHEMICALS & FERTILISERS
GOVERNMENT OF INDIA

**संदेश**



मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि औषध विभाग और इसके संगठनों द्वारा 1 से 15 सितंबर, 2026 के दौरान स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाएगा। स्वच्छता किसी व्यक्ति विशेष का दायित्व नहीं है; यह एक सामूहिक प्रतिबद्धता है जो एक स्वस्थ, उत्तरदायी और प्रगतिशील समाज के मूल्यों को दर्शाती है। सरकार के सम्पूर्ण तंत्र में प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला स्वच्छता पखवाड़ा हमें इस प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करने और स्वच्छता एवं साफ-सफाई की दिशा में निरंतर प्रयासों को प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।

स्वच्छता की सच्ची सफलता केवल पखवाड़े भर में इसका पालन करने में नहीं है, अपितु स्वच्छता को एक नियमित स्वभाव और हमारे दैनिक आचरण का अभिन्न अंग बनाने में है। मैं सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को इस पखवाड़े में सक्रिय रूप से भाग लेने और इसे सार्थक प्रयास, जागरूकता और व्यवहारात्मक परिवर्तन का अवसर बनाने की अपील करती हूं। आइए, हम सब मिलकर स्वच्छता को अपनी जीवनशैली का एक हिस्सा बनाएं।

मुझे विश्वास है कि औषध विभाग, अपने सभी संगठनों और कर्मचारियों के साथ मिलकर, स्वच्छता पखवाड़ा 2026 को एक सार्थक और प्रभावशाली पहल बनाने में पूर्ण निष्ठापूर्वक योगदान प्रदान करेगा।

मैं इस अभियान की सफलता की कामना करती हूं।

(अनुप्रिया पटेल)

**अगस्त 14, 2026**
**नई दिल्ली**

कमरा सं. 12026, द्वितीय तल, 'ए' विंग, कर्तव्य भवन 1, नई दिल्ली-110001, फोन : +91-11-24013239, 24013240
Room No. 12026, 2nd Floor, 'A' Wing, Kartavya Bhavan 1, New Delhi-110001, Tele : +91-11-24013239, 24013240
E-mail: mosap-mohfw@gov.in